रेडीमेड परिधान की छह फैक्ट्रियां खुलेंगी

तैयारी

■ अजित खरे

लखनऊ। कपड़ा उद्योग में अपनी पैठ बना रहे यूपी में अब सिलेसिलाए वस्त्रों, होजरी की छह और नई फैक्ट्रियां खुलने जा रही हैं। इस साल तक इनमें उत्पादन चालू हो जाएगा। इसके जरिए करीब 1500 श्रमिकों को रोजगार मिलेगा।

यह नई फैक्ट्रियां नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर में लग रही हैं। नोएडा की वीवी सिटी होम ने 4.24 करोड़ रुपये से 1000 वर्गमीटर जमीन पर अपना कारखाना लगा लिया है। गाजियाबाद में रेडीमेड गार्मेंटस की दो अलग अलग यूनिट लग रही हैं। यहां की राकेश इंटरनेशनल व डीएस एक्सपोर्ट दोनों इस साल तक उत्पादन चालू कर देंगे। इसी तरह गाजियाबाद में यूवी गार्मेंट की फैक्ट्री का काम पूरा हो चुका है। यहीं पर सुर्पश्वा स्वाब्स हाईजिन उत्पादन का व जिंदल हैंडटेक्स सिलाई प्रक्रिया सेंटर बना रहे हैं।

खास बातें

- इवेस्टर्स समिट में 66 वस्त्रोद्योग से जुड़ी निजी कंपनियों ने यूपी सरकार के साथ 8715 करोड़ रुपये के निवेश परियोजनाओं के लिए एमओयू किया था।
- इनमें से 17 यूनिट लग चुकी हैं और उत्पादन शुरू हो गया है। 5400 लोगों को इसके जरिए रोजगार मिल गया।
- रेडीमेड गार्मेंट के अलावा सेनटरी नैपकिन, पॉलीबैग, टेक्सटाइल, फैब्रिक्स, इनर गार्मेंटस का निर्माण इन कंपनियों द्वारा किया जा रहा है।

66 वस्त्राद्योग से जुड़ी कंपनियों ने एमओयू किए थे

5 कंपनियों को जल्द दिलाई जाएगी जमीन

9 कंपनियां ऐसी हैं जिनके पास जमीन तो उपलब्ध हो गई है लेकिन उस पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इनमें 5272 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके अलावा 5 कंपनियों को विभिन्न कारणों से अभी तक जमीन नहीं मिल पाई है।